# आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

## प्रेस विज्ञप्ति

16.12.2018

प्रधानमंत्री, भारत सरकार श्री नरेन्द्र मोदी का आज आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में आगमन हुआ । उनके साथ माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ एवं रेल व कोयला मंत्री, भारत सरकार श्री पीयूष गोयल भी साथ रहे।

प्रधानमंत्री जी सर्वप्रथम आज हेलीपेड से उतरने के बाद कारखाना का निरीक्षण किया । इस दौरान वे साइड वॉल और शेल असेम्बली शॉप में गए जहां पर रोबोटिक वेल्डिंग, लेजर कटिंग वेल्डिंग मशीन और रोबोटिक स्पॉट वेल्डिंग द्वारा तैयार किए जा रहे शेलों का निरीक्षण किया । तत्पश्चात उन्होंने स्वचालित व्हील लाइन का दौरा किया । इसके बाद फिनिशिंग शॉप में आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में इस वर्ष बने 900वां कोच और एक हमसफर रेक का निरीक्षण किया ।

900वां डिब्बा एक स्मार्ट कोच है और यह कोच यात्रियों की सुविधा, उनकी सुरक्षा, उनके मनोरंजन और विभिन्न उपकरणों के आपसी तालमेल और उनकी कंडीशन मॉनिटिरिंग से युक्त है ताकि लाइन पर चलते हुए कोच की मॉनिटरिंग कहीं से भी हो सके ।

इसके पश्चात, प्रधानमंत्री आवासीय परिसर स्थित खेल मैदान में आयोजित जनसभा में पहुॅचे । सर्वप्रथम श्री पीयूष गोयल, रेल व कोयला मंत्री भारत सरकार ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया और कारखाने में हो रही प्रगति कार्य और रायबरेली क्षेत्र में क्रियान्वित हो रही विभिन्न रेल परियोजनाओं की जानकारी दी । फिर, श्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का स्वागत किया और उंत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी । फिर प्रधानमंत्री ने इस वित्तीय वर्ष में निर्मित 900वें डिब्बे और हमसफर रेक को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया और रायबरेली में विकास परियोजनओं का शुभारंभ किया ।

अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि रायबरेली की यह कारखाना दुनिया की सबसे बड़ा डिब्बा कारखाना बनेगा और उन्होंने कारखाना का मूल उत्पादन क्षमता का विस्तारीकरण 1000 कोच से 2000 कोच प्रतिवर्ष करने की योजना की जानकारी दी ।

पृष्ठ ② का ①

16/12

प्रधानमंत्री जी ने इस विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस कारखाना के उत्पादन क्षमता का 2000 डिब्बे प्रतिवर्ष हेतु विस्तारीकरण कार्य शुरू किया गया है । कारखाने ने पिछले 4 सालों में हर वर्ष उत्पादन लगभग दोगुना करते हुए पिछले 4 वर्षों में 1712 डिब्बें देश को समर्पित किए है । उन्होंने यह भी बताया कि पिछले वर्ष कारखाने में 711 डिब्बों का उत्पादन किया गया और विश्वास जताया कि इस वित्तीय वर्ष कारखाना 1400 से ज्यादा डिब्बे बनाएगी । योजनाबद्ध तरीके से विस्तारीकरण करते हुए आने वाले समय में यह कारखाना 3000 कोच प्रतिवर्ष बनाएगी और फिर 5000 कोच प्रति वर्ष का उत्पादन करके यह कारखाना दुनिया की सबसे बड़े कारखाने के रूप में प्रसिद्ध होगा । इस कारखाने में आगे चल कर मेट्रो डिब्बे और सेमी हाई–स्पीड रेलगाड़ी के डिब्बे बनाए जाएंगे । इसके साथ ही कम वजन वाले और अधिक मजबूती वाले एलुमिनियम कोच बनाने की भी योजना है ।

उन्होनें कहा कि कारखाने के विस्तार से यहां के युवाओं के लिए भी नए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और रायबरेली के लघु एवं मध्यम उद्योगों को भी इससे फायदा मिलेगा और आने वाले समय में यह कारखाना कारखाना कोच निर्माण की ग्लोबल हब बनेगा ।

इस कार्यक्रम में साध्वी निरंजन ज्योति, श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी, श्री दिनेश प्रसाद सिंह, विधान पार्षद, स्थानीय विधायक श्री धीरेन्द्र बहादुर सिंह, के साथ–साथ अध्यक्ष रेलवे बोर्ड श्री अश्विनी लोहानी, सदस्य रोलिंग स्टाक राजेश अग्रवाल, महानिदेशक रेल सुरक्षा बल अरूण कुमार, महाप्रबंधक सुनीत शर्मा, ए.डी. जी./उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण, मंडल आयुक्त अरूण गर्ग, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री, पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार सिंह ने भाग लिया ।

(आर.पी.शर्मा) 16/12

मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी

पृष्ठ 2 का 2.

**MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI**

**Press Release**
**16.12.2018**

Prime Minister Narendra Modi visited Modern Coach Factory (MCF) today. Sh. Ram Naik, Governor, Uttar Pradesh, Yogi Adityanath Chief Minister, Uttar Pradesh and Piyush Goyal, Minister of Railways & Coal accompanied him along with Chairman Railway Board Ashwani Lohani, Member (Rolling Stock) Rajesh Agrawal and General Manager, MCF Suneet Sharma.

The Prime Minister inspected CNC Laser Cutting Lines, CNC Laser Welding Lines, Robotic Welding Lines, Robotic Spot Welding Lines and Robotic Shell Assembly Lines in Shell Shops and Automated Wheel Assembly Line in Wheel Shop. The 900$^{th}$ coach of this FY, a SMART Coach, designed and manufactured by MCF, was showcased to PM besides HUMSAFAR rake. The SMART Coach has inbuilt artificial intelligence to monitor condition of bearings, water level in tanks and air quality besides smoke & fire detection & suppression system, GPS based Public Information system, CCTV surveillance, upgraded upholstery & lavatories, additional charging points, single side lower berth, Coffee Vending Machine.

After shop visit, PM visited public rally site. Piyush Goyal welcomed PM and in his address gave information about future expansion plans of MCF and rail projects in progress in Raebareli. Yogi Adityanath Ji address the rally and briefed about various welfare schemes and development projects undertaken by his government.

The PM flagged off the 900$^{th}$ Coach manufactured this FY and HUMSAFAR rake through video link.



16/12/18

In his address, the Prime Minister said that the production capacity of MCF is being increased to 2000 coaches per annum. In a planned manner, the production capacity will be increased to first 3000 and then to 5000 coaches per annum. He conveyed satisfaction on MCF performance in last four years and applauded almost doubled production year-by-year from 140 coaches of 2014-15, onwards, with a firm belief of dispatching more than 1400 coaches by the end of this FY. PM also said that MCF will take up production of Metro Coaches, Semi-high speed train coaches and Aluminum body light weight coaches in near future.

The programme was attended by Union MoS Sadhvi Niranjan Jyoti, UP Cabinet Minister Nand Gopal Gupta 'Nandi', MLC Dinesh Pratap Singh, MLA Sareni Dhirendra Bahadur Singh besides senior officers from Railways, Civil Administration & Police.

16/12/18

**(R.P. Sharma)**
Chief Public Relation Officer